पत्र सूचना कार्यालय
भारत सरकार
जयपुर

समाचार पत्र का नाम: नेशनल दुनिया
प्रकाशन स्थल : जयपुर

भाषा : हिन्दी / अंग्रेजी
दिनाक: – 06–2016

## पाइपों पर आईएसआई मार्का के दुरुपयोग पर कार्रवाई

जयपुर। भारतीय मानक ब्यूरो जयपुर ने झोटवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र में भारतीय मानक ब्यूरो के मानक चिन्ह आई.एस.आई मार्का का दुरुपयोग के मामले में कार्रवाई की हैं। भारतीय मानक ब्यूरो प्रमुख ए.के. सिन्हा ने बताया कि झोटवाड़ा क्षेत्र के मै. शिवा इण्डस्ट्रीज की दो ईकाईयाँ जो कि प्लाट नं0 –100 एवं 158 झोटवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र जयपुर में स्थित हैं द्वारा पीवीसी पाईप पर आईएसआई मार्का का दुरुपयोग किया जा रहा हैं। इसी के तहत तीन सदसीय टीम को भेज कर कार्यवाही की गई। जांच में दोनों ईकाईयो के द्वारा पीवीसी पाइपों पर आई.एस.आई दुरुपयोग किया जा रहा था। सिन्हा ने बताया कि छापेमारी कार्यवाही के दौरान आईएसआई मार्का पाईपों के अलावा प्रिटिंग रोलर को जब्त किया गया, जिसके द्वारा पाइपों पर दुरुपयोग तथा दोनो ईकाईयों में 3500 पाईपों पर आईएसआई मार्का का दुरुपयोग किया जिनको जब्त किया गया। दोनों इकाइयों के विरुद्ध भारतीय मानक ब्यूरो एक्ट 1986 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

पत्र सूचना कार्यालय
भारत सरकार
जयपुर

समाचार पत्र का नामः राजस्थान पत्रिका
प्रकाशन स्थल : जयपुर

भाषा : हिन्दी / अंग्रेजी
दिनाक: 4 – 06–2016

## छापा : लाखों के पीवीसी पाइप सीज

जयपुर @ पत्रिका. झोटवाड़ा स्थित औद्योगिक क्षेत्र में भारतीय मानक ब्यूरो की टीम ने एक पीवीसी बनाने वाली फैक्ट्री में छापा मारा। वहां भारतीय मानक ब्यूरो के मानक चिन्ह आईएसआई मार्क का दुरुपयोग करना पाया। एके सिन्हा ने बताया कि मैसर्स शिवा इंडस्ट्रीज की दो इकाइयां जो प्लॉट 100 व 158 में संचालित है। वहां पीवीसी पाइप पर आईएसआई मार्का का दुरुपयोग हो रहा है। वहां पाइप व प्रिटिंग रोलर भी जब्त किया। दोनों इकाइयों से लाखों रुपए के 3500 पीवीसी पाइपों को सीज किया। प्रोपराइटर आकाश वैद्य एवं संगीता वैद्य के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

पत्र सूचना कार्यालय
भारत सरकार
जयपुर

समाचार पत्र का नामः जयपुर महानगर टाईम्स
प्रकाशन स्थल : जयपुर


भाषा : हिन्दी / अंग्रेजी
दिनाकः ५ – 06–2016

# भारतीय मानक ब्यूरो की आईएस मार्का के दुरुपयोग पर कार्रवाई

**वाणिज्य संवाददाता**

जयपुर। भारतीय मानक ब्यूरो जयपुर द्वारा झोटवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र में भारतीय मानक ब्यूरो के मानक चिन्ह आईएसआई मार्का का दुरुपयोग के मामले में कार्रवाई की गई है। भारतीय मानक ब्यूरो प्रमुख एके सिन्हा ने बताया कि झोटवाड़ा क्षेत्र के मै. शिवा इंडस्ट्रीज की दो इकाइयां जो कि प्लाट नं.-100 एवं 158 झोटवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र जयपुर में स्थित हैं, इनमें पीवीसी पाईप पर आईएसआई मार्का का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसी के तहत तीन सदस्यीय टीम को भेज कर कार्रवाई की गई।

जांच में दोनों इकाइयों के द्वारा पीवीसी पाईपों पर आईएसआई दुरुपयोग किया जा रहा था। सिन्हा ने बताया कि छापेमारी कार्यवाही के दौरान आईएसआई मार्का पाईपों के अलावा



प्रिंटिंग रोलर को जब्त किया गया, जिसके द्वारा पाईपों पर दुरुपयोग तथा दोनों ईकाईयों में 3500 पाईपों पर आईएसआई मार्का का दुरुपयोग किया जिनको जब्त किया गया। दोनों ईकाईयों के विरुद्ध भारतीय मानक ब्यूरो एक्ट 1986 के तहत कार्यवाही की जाएगी।